मोबाइल हॉस्पिटल वैन भेंट, गांवों में पहुंचेंगी सुविधाएं

सिटी रिपोर्टर. जयपुर । जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान, (एसकेआईटी) की ओर से समाज के उत्थान के लिए निरोग ट्रस्ट को 70 लाख रुपए की मोबाइल हॉस्पिटल वैन प्रदान की गई है। इससे रिमोट एरिया में चिकित्सा सुविधाओं को पहुंचाया जा सकेगा। इस मोबाइल वैन में न केवल डॉक्टर रोगियों को देख सकेंगे, बल्कि इसमें बैठे-बैठे ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर जैसे टेस्ट कर हाथों-हाथ रिपोर्ट भी देख सकेंगे।

नीरोग और निदान ट्रस्ट के संस्थापक कैंसर फिजीशियन डॉ. अरुण गुप्ता ने बताया कि अभी तक भांकरोटा से बगरू तक के 11 गांवों में निशुल्क चिकित्सा सुविधा पहुंचाई जा चुकी हैं। इस वैन से ऐसे एरिया में भी चिकित्सा सुविधाओं पहुंचेगी, जहां बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। यह फुल इक्विप्ड है, इसमें एसी, फ्रिज, इन्वर्टर, दवाइयां और इन्वेस्टिगेशन के लिए जरूरी इक्विपमेंट मौजूद हैं। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन सुरजाराम मील, डायरेक्टर जयपाल मील, डायरेक्टर अकेडेमिक्स प्रो. एस. एल. सुराना, डायरेक्टर (डवलपमेंट एंड वेलफेयर) डॉ. एस.के. कल्ला भी उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar 05-12-17 (Page No.06)

रिमोट एरिया में इलाज करेगा मोबाइल हॉस्पिटल



डेली न्यूज, mix रिपोर्टर

जयपुर। जिले के रिमोट एरिया में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से निरोग ट्रस्ट को 70 लाख रुपए लागत की मोबाइल हॉस्पिटल वैन भेंट की गई है। जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान ने पहल की है। इसमें डॉक्टर रोगियों को देखने के साथ बीपी, ब्लड शुगर जैसे टेस्ट कर तुरंत जांच रिपोर्ट दे सकेंगे। नीरोग और निदान ट्रस्ट के संस्थापक कैंसर फिजीशियन डॉ. अरुण गुप्ता और इंजीनियर अक्षय गुप्ता ने बताया कि निरोग मोबाइल एप्पलीकेशन भी डिजाइन की है। इसमें रोगियों का डाटा भी संकलित होगा। इस मौके पर संस्था के चैयरमेन सुरजाराम मील, डायरेक्टर जयपाल मील, डायरेक्टर एकेडमिक्स प्रो. एस. एल. सुराना, डायरेक्टर (डवलपमेंट एंड वेलफेयर) डॉ. एस.के. कल्ला उपस्थित रहे।

उपचार के साथ टेस्ट की तुरन्त मिलेगी रिपोर्ट

मोबाइल हॉस्पिटल वैन से रोगियों की निःशुल्क जांच

मालवीय नगर पत्रिका
www.patrika.com

जगतपुरा ▪ स्वामी केशवानन्द इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान (एस.के.आई.टी) और नीरोग ट्रस्ट की ओर से को समाज के उत्थान के लिए एक अभिनव पहल की गई। एसकेआईटी ने नीरोग ट्रस्ट को लगभग 70 लाख रूपए की लागत से बनी एक मोबाइल हॉस्पिटल वैन प्रदान की। जिससे रिमोट एरिया में चिकित्सा सुविधाओं को पहुंचाया जा सकेगा।

तुरंत मिलेगी रिपोर्ट

इस मोबाइल वैन में न केवल डॉक्टर रोगियों को देख सकेंगे, बल्कि इसमें बैठे-बैठे ही बीपी, ब्लड शुगर जैसे टैस्ट कर हाथोंहाथ रिपोर्ट भी दे सकेंगे। नीरोग और निदान ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. अरूण गुप्ता और इंजीनियर अक्षय गुप्ता का कहना है कि नीरोग के जरिए अभी तक भांकरोटा से बगरू तक 11 गांवों में चिकित्सा सुविधा पहुंचाई जा चुकी हैं। आंख, कान और दंत संबंधी चिकित्सा के लिए शहर के कई अस्पतालों से टाईअप किया गया है। जिससे रोगियों को निशुल्क चिकित्सा दी जा रही है। अक्षय ने इसके लिए नीरोग एप भी डिजाइन की है। जिसमें रोगियों का डाटा भी संकलित किया जा रहा है। अक्षय के अनुसार एसकेआईटी द्वारा प्रदान की गई वैन ऐसे एरिया में भी चिकित्सा सुविधाओं को पहुंचाने में कामयाब होगी, जहां बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। यह फुली इक्विप्ड है, इसमें एसी, फ्रिज, इंवर्टर, दवाईयां और इंवेस्टिगेशन के लिए जरूरी इक्विपमेंट मौजूद हैं।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्था के चैयरमेन सुरजाराम मील, डायरेक्टर जयपाल मील, डायरेक्टर एकेडमिक्स प्रो. एस. एल. सुराना, डायरेक्टर (डवलपमेन्ट एण्ड वेलफेयर) डॉ. एस.के. कल्ला, प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार पऔर आभा मील भी उपस्थित थे।

Rajasthan Patrika

SWAMI KESHVAN
INSTITUTE OF TECHNOLOGY, MANAGEMENT & GRAM

ESS PEE FORCE